**Periodic Test - III (2022-23)**

HINDI

Grade:10 Marks:40

Date:23.08.2022 Time:1½ Hrs

**( खंड 'क') अपठित गद्यांश**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** (5)

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। इसीलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुंदर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर सिंचन और खाद मिल जाती है, वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन-जिन गुणों की आवश्यकता है, उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुंदर पाठशाला है। यहाँ पर अपने साथियों के बीच रहकर वे सभी गुण आ जाने आवश्यक हैं, जिनकी विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यकता होती है।

(क) जीवन की आधारशिला किस काल को कहा जाता है?

(ख) नव जीवन के लिए विद्यार्थी जीवन की महत्ता स्पष्ट कीजिए।

(ग) मानव जीवन के लिए विद्यार्थी जीवन की महत्ता स्पष्ट कीजिए।

(घ) छोटे वृक्ष के पोषण का उल्लेख किस संदर्भ में किया गया है और क्यों?

(ङ) विद्यार्थी जीवन की तुलना पाठशाला से क्यों की गई है?

2.**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (4) के उत्तर दीजिए।** .

अधिकतर लोगों की यही शिकायत होती है कि उन्हें पनपने के लिए सटीक माहौल व संसाधन नहीं मिल पाए, नहीं तो आज वे काफी आगे होते और आज भी ऐसे कई लोग हैं, जो संसाधन और स्थितियों के अनुकूल होने के इंतज़ार में खुद को रोके हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है- इंतज़ार मत कीजिए, समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता। जितने संसाधन आपके पास मौजूद हैं, उन्हीं से शुरुआत कीजिए और आगे सब बेहतर होता जाएगा। जिनके इरादे दृढ़ होते हैं, वे सीमित संसाधनों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। नारायणमूर्ति ने सहज दस हजार रुपये में अपने छह दोस्तों के साथ इन्फोसिस की शुरुआत की और आज इन्फोसिस आईटी के क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है। करौली टैक्स, पहले अपने दाएँ हाथ से निशानेबाजी करते थे, मगर उनका वह हाथ एक विस्फोट में चला गया। फिर उन्होंने अपने बाएँ हाथ से शुरुआत की और 1948 व 1950 में ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लिओनार्दो द विंची, रवींद्रनाथ टैगोर, थॉमस अल्वा एडिसन, टेलीफोन के आविष्कारक ग्राहम बेल, वॉल्ट डिज्नी- ये सब अपनी शुरुआती उम्र में डिस्लेक्सिया से पीड़ित रह चुके हैं, जिसमें पढ़ने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, फिर भी ये सभी अपने-अपने क्षेत्र के शीर्ष पर पहुँचे। अगर ये लोग भी इसी तरह माहौल और संसाधनों की शिकायत और इंतज़ार करते, तो क्या कभी उस मुकाम पर पहुँच पाते, जहाँ वे मौजूद हैं?

अगर हमने अपना लक्ष्य तय कर लिया है, तो हमें उस तक पहुँचने की शुरुआत अपने सीमित संसाधनों से ही कर देनी चाहिए। किसी इंतज़ार में नहीं रहना चाहिए। ऐसे में इंतज़ार करना यह दर्शाता है कि हम अपने लक्ष्य को पाने के

लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं हैं। इसलिए हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर जुट जाना होगा। इंतज़ार करेंगे, तो करते रह जाएँगे।

(i) 'समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता' यहाँ 'एकदम' का अर्थ है

(क) पूर्णतः

(ख) अचानक

(ग) तुरंत

(घ) तत्काल

(ii) 'हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर जुट जाना होगा।' उपर्युक्त वाक्य से बना संयुक्त वाक्य होगा

(क) हमें इच्छाशक्ति को मजबूत करना है, इसलिए जुट जाना होगा।

(ख) यदि हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है तो जुट जाना होगा।

(ग) हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना होगा और जुट जाना होगा।

(घ) हमें जुट जाना होगा और फिर इच्छाशक्ति को मजबूत करना होगा।

(iii) <u>ऐसे लोगों</u> के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है'- रेखांकित अंश का संकेत है

(क) प्रतिकूल स्थितियों को अनुकूल बनाते लोग

(ख) दृढ़ इरादों वाले लोग

(ग) अनुकूल परिस्थितियों में बढ़े लोग

(घ) अनुकूल परिस्थितियों की प्रतीक्षा कर रहे लोग

(iv) नारायण मूर्ति, ग्राहम बेल आदि के उदाहरण क्यों दिए गए हैं?

(क) डिस्लेक्सिया से ग्रस्त होने का कारण

(ख) सीमित संसाधन होने के कारण

(ग) सफल अमीन होने के कारण

(घ) प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सफलता पाने के कारण

## (खंड 'ख') व्यावहारिक व्याकरण

**3. समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए. (2)**

(क) आमरण (ख) देशभक्ति

**4. इन विग्रहों को समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए (2)**

(क) महान है जो आत्मा (ख) नौ ग्रहों का समूह

**5. निम्नलिखित वाक्य रूपान्तरण कीजिए** : (3)

(क) अध्यापिका पढ़ा कर चली गयी । (संयुक्त वाक्य में परिवर्तन कीजिये)

(ख). पढनेवाले ऊँचा पद पातें हैं । (मिश्र वाक्य में परिवर्तन कीजिये)

(ग). माँ ने पिटा,तो बालक रूठ गया । (सरल वाक्य में परिवर्तन कीजिये)

## (खंड 'ग') पाठ्यपुस्तक

**6. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प (5) छाँटकर दीजिए-**

प्रस्तुत पंक्तियों में कवि मैथिलीशरण गुप्त जी ने हमें मनुष्यता के लक्षणों से अवगत कराया है। साथ ही, उन्होंने हमें इस सत्य से भी अवगत कराया है कि मनुष्य अमर नहीं है। मनुष्य मरणशील है, इस बात को हमें स्वीकार करना चाहिए, तभी हमारे अंदर से मृत्यु का भय दूर होगा। कवि के अनुसार मनुष्य कहलाने का अधिकार उसी को है, जो दूसरे के हित तथा दूसरों की ख़ुशी के लिए जीता और मरता है। ऐसे मनुष्य को मृत्यु के बाद भी उसके अच्छे कर्मों के लिए युगों-युगों तक याद किया जाता है, इस प्रकार परोपकारी मनुष्य मर कर भी दुनिया में अमर हो जाता है।

जबकि स्वार्थी मनुष्य केवल अपना भला व स्वार्थ सोचते हैं और खुद के लिए जीते हैं। ऐसे लोगों के मर जाने पर उन्हें कोई याद नहीं रखता। कवि के अनुसार ऐसे मनुष्यों एवं पशुओं में कोई अंतर नहीं होता है, क्योंकि पशु भी दूसरों के बारे में सोचे बिना केवल अपने हित के बारे में सोचते हैं और वैसे ही जीवन-यापन करते हैं।

(क) मनुष्यता इस कविता के कवि कौन हैं?

(ख) कवि ने मनुष्यता कविता में क्या संदेश दिया है?

(ग) मनुष्यता कविता से हमें जीवन की क्या सीख मिलती है?

(घ) मनुष्य को मृत्यु से क्यों नहीं डरना चाहिए?

(ङ) कवि के अनुसार मनुष्य कौन है?

**7. निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3×2 =6)**

(क) कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों?

(ख) पावस ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन आते हैं? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) निकोबार द्वीप समूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है?

(घ) तताँरा-वामीरो कहाँ की कथा है? वामीरो अपना गाना क्यों भूल गई?

**8. निम्नलिखित किन्हीं एक प्रश्न के उत्तर दीजिए - (4)**

(क).मनुष्यता कविता के माध्यम से कवि ने किन गुणों को अपनाने का संकेत दिया है ?

(ख). प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?

(ग) मनुष्यता कविता में कवि ने किन महान व्यक्तियों का उदाहरण दिया है और उनके माध्यम से क्या संदेश देना चाहा है?

**(खण्ड - घ)**

**9. निम्नलिखित में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए :**

(क) अभ्यास का महत्त्व

(ख) समय किसी के लिए नहीं रुकता

(ग) मीठी बोली का महत्त्व

अथवा

**10**.(क) आपके क्षेत्र में बिजली की अनियमित्तावों की शिकायत करते हुए क्षेत्रीय बिद्युत अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

(ख)अपने बैंक के प्रबंधक को पत्र लिख कर अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने का अनुरोध कीजिये। (5)

11.(क) अपने पुराने मकान का विवरण देते हुए उसकी बिक्री के लिए लगभग पच्चीस शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए। (4)

अथवा

(ख)आपके शहर में एक मोबाइल दूकान खुला है, उससे सम्बंधित एक विज्ञापन लिखिए।